# Fitch Ratings अपग्रेड से मिला वेदांता को फायदा! लगातार दूसरे दिन शेयरों में रही बढ़त, डिमर्जर भी होना है

Authored by: शिशिर चौरसिया|नवभारतटाइम्स.कॉम•7 Apr 2026, 4:40 pm IST

Vedanta Share Price: अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली कंपनी वेदांता लिमिटेड के शेयरों में आज भी तेजी दिखी। कंपनी की तरफ से कल ही खबर आई थी कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच (Fitch) ने इसकी रेटिंग को 'B+' से बढ़ाकर 'BB-' कर दिया है। इसके साथ ही इसका आउटलुक भी स्टेबल रखा है।

वेदांता के शेयरों में फिर तेजी**(फोटो- नवभारतटाइम्स.कॉम)**

**मुंबई**: मेटल, ऑयल एंड गैस, एनर्जी और महत्वपूर्ण खनिज के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी वेदांता लिमिटेड (Vedanta Ltd) के शेयर चढ़ते ही जा रहे हैं। सोमवार की बढ़त के बाद मंगलवार को भी इसके शेयर में तीन फीसदी से ज्यादा की तेजी दिखाई दी। यह तेजी तब देखी गई जबकि फिच रेटिंग ने कंपनी के लॉन्ग टर्म फॉरेन करेंसी इश्यूअर डिफॉल्ट रेटिंग को अपग्रेड किया है। अब इसकी रेटिंग को 'B+' से बढ़ाकर 'BB-' कर दिया गया है। साथ ही इसका आउटलुक स्टेबल या स्थिर रखा गया है।

## क्या रही शेयर की चाल

बीएसई में वेदांता लिमिटेड के शेयर सोमवार को तेजी के साथ 690 रुपये पर बंद हुए थे। मंगलवार को सुबह इसके शेयर 697 रुपये पर खुले और ऊंचे में 718.80 रुपये तक गए। नीचे में यह 692.05 रुपये तक गिरा था। कारोबार की समाप्ति पर यह 712.80 रुपये पर बंद हुआ। जो कि एक दिन पहले के मुकाबले 22.80 रुपये या 3.30 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है। इससे पहले 29 जनवरी 2026 को इसका शेयर 770 रुपये तक गया था जो कि 52 हफ्ते का उच्चतम है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वेदांता ग्रुप के प्रोमोटर अनिल अग्रवाल हैं।

## क्यों चढ़े शेयर

फिच रेटिंग्स ने वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की लॉन्ग-टर्म फॉरेन-करेंसी इश्यूअर डिफॉल्ट रेटिंग को 'B+' से बढ़ाकर 'BB-' कर दिया है। इसके साथ ही इसका आउटलुक स्थिर रखा है। फिच ने इसके साथ ही वीआरएल की सीनियर अनसिक्योर्ड रेटिंग और वेदांता रिसोर्सेज फाइनेंस II पीएलसी द्वारा जारी अमेरिकी डॉलर बॉन्ड्स (जिनकी गारंटी वीआरएल देता है) की रेटिंग भी बढ़ाकर 'BB-' कर दी है। यह वेदांता रिसोर्सेज के बॉन्ड्स के लिए 2015 के बाद सबसे उच्च रेटिंग है। यह कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। जिसे बेहतर कमाई की स्पष्टता और लगातार कर्ज में कमी का समर्थन मिला है। माना जा रहा है कि यह अपग्रेड आने वाले समय में मजबूत कमाई की उम्मीद के कारण किया गया है, जिसे अनुकूल कमोडिटी कीमतों, अच्छे उत्पादन स्तर और बेहतर लागत संरचना का सहारा मिलेगा।

## रेटिंग अपग्रेड का क्या है संकेत

- बॉण्ड की रेटिंग बढ़ाकर 'B+' से बढ़ा कर 'BB-' कर दी गई है।
- इसका आउटलुक स्थिर (Stable) रखा गया है।
- यह अपग्रेड मजबूत कमाई की उम्मीद, बेहतर होती लागत संरचना और लगातार कर्ज में कमी को दर्शाता है।
- बेहतर वित्तीय अनुशासन, विविध पोर्टफोलियो और कम सप्लाई चेन जोखिम इस रेटिंग को समर्थन देते है।

## होने वाला है डिमर्जर

वेदांता लिमिटेड के निदेशकमंडल ने ग्रुप की कंपनियों के डिमर्जर का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया है। फिच के मुताबिक वेदांता लिमिटेड के प्रस्तावित डिमर्जर से भी कंपनी को फायदा पहुंचेगा। शेयर के विभाजन के बाद इसके शेयरों तक सेक्टर स्पेसिफिक निवेशकों की पहुंच बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि डिमर्जर के बाद वेदांता अल्यूमिनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता पावर और वेदांता आयरन एंड स्टील अलग हो जाएंगे। हिंदुस्तान

जिंक लिमिटेड के पेरेंट कंपनी के रूप में वेदांता लिमिटेड बनी रहेगी। पहले इसके लिए रिकॉर्ड डेट 31 मार्च था जिसे बढ़ा कर 30 जून कर दिया गया है।